भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2993
13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

डिजिटल हेल्थकेयर ऐप्स

2993. डॉ. कडियम काव्य:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में इस समय प्रयोग हो रहे डिजिटल हेल्थकेयर ऐप्स के संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे ऐप्स की प्रमाणिकता का विश्लेषण किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (घ): भारत सरकार ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की शुरूआत की है जिसका उद्देश्य देश के एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की सहायता के लए आवश्यक आधार तैयार करना और नागरिकों के लिए लॉन्गीट्यूडिनल इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) सृजित करना है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डेटा मानकों को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) मानकों को अधिसूचित किया है जिनसे विभिन्न स्वास्थ्य आईटी प्रणालियों में स्वास्थ्य परिचर्या सूचना के आदान प्रदान की सुविधा सुकर हो सकेगी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य एजेंसी (एनएचए) ने डिजिटल स्वास्थ्य अनुप्रयोगों, जिन्हें एबीडीएम पारिस्थितिकी तंत्र के साथ एकीकृत किया गया हैं, के संचालन को नियंत्रित करने के लिए अनेक दिशानिर्देश और अधिसूचनांए जारी की हैं। इसमें स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति, डेटा गोपनीयता नीति और एबीडीएम स्वास्थ्य रिकार्ड (पीएचआर), मोबाईल ऐप गोपनीयता नीति शामिल है जो डेटा गोपनीयता और सुरक्षा हेतु न्यूनतम मानकों को निर्धारित करती है।

एनएचए ने डिजिटल स्वास्थ्य परिचर्या अनुप्रयोगों को प्रमाणित करने के लिए नीतियों और प्रक्रियाओं को निर्धारित किया है जो एबीडीएम पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं। सैंडबॉक्स पर्यावरण अनुप्रयोगों के माध्यम से देश भर में डिजिटल स्वास्थ्य के व्यापक उपयोग को सुकर बनाने हेतु एबीडीएम अवसरंचना के भीतर अनुप्रयोगों को मान्य और एकीकृत किया जाता है।

*****